QP CODE: 24900128

Reg No:...................

Name:.......................

# MAHATMA GANDHI UNIVERSITY, KOTTAYAM

## FIRST SEMESTER MGU-UGP (HONOURS) REGULAR EXAMINATION NOVEMBER 2024

**First Semester**

**Ability Enhancement Course - MG1AECHIN100 - हिंदी साहित्य में पर्यावरण (ENVIRONMENT IN HINDI LITERATURE-For Science)**

(2024 ADMISSION ONWARDS)

Duration: 1.5 Hours

Maximum Marks: 50

**Remember (K), Understand (U), Apply (A), Analyse (An), Evaluate (E), Create (C), Interest (I), Appreciation (Ap), and Skill (S)**

*Students should attempt atleast one question from each course outcome to enhance their overall outcome attainability.*

[Learning Domain][CO No(s)]

### Part A

Multiple Choice Questions

सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है।

1 कपिल के अनुसार मौसम के बदलाव का मुख्य कारण क्या था ? [K] [1]

a) सरकार की नीतियाँ b) पेड़ों की कटाई

c) मौसम विज्ञान की गलतियाँ d) ग्लोबल वार्मिंग

2 कपिल ने काका के घर में किसे " पेड़ " समझ लिया था ? [K] [1]

a) सुधीर b) अपनी माँ

c) बिच्ची d) खलीफा

3 अनी की मुस्कराहट कपिल को कैसी लगती थी ? [U] [2]

a) ज़ोरदार b) हल्की
c) नकली d) हंसमुख

4 प्रेम के प्रति कपिल का दृष्टिकोण कैसा था ? [U] [3]

a) वह प्रेम को लेकर उलझन में था b) वह प्रेम से डरता था
c) वह आत्मविश्वासी था d) वह प्रेम को तुच्छ समझता था

5 साइकिल ने कपिल को कहाँ छोड़ दिया ? [K] [2]

a) पार्क में b) बाबू साहब की दूकान में
c) उसके घर में d) खलीफा के पास

6 कपिल ने किसे 'पाँचवाँ पेड़' के नाम से पुकारा ? [K] [3]

a) सुधीर को b) खुद को
c) बिच्ची को d) अनी को

7 नमिता का पेशा क्या था ? [K] [3]

a) स्टेनो b) टाइपिस्ट
c) शिक्षक d) लेखाकार

8 कपिल किस कारण से नमिता से मिलना पसंद करता था ? [K] [2]

a) प्रेम के संकेत तलाशने के लिए b) राहत पाने के लिए
c) किसी विवाद के कारण d) नौकरी बदलने के लिए

9 प्रेम के प्रति कपिल का दृष्टिकोण कैसा था ? [U] [3]

a) वह प्रेम से डरता था b) वह प्रेम को तुच्छ समझता था
c) वह आत्मविश्वासी था d) वह प्रेम को लेकर उलझन में था

10 क्षमा शर्मा ने किस विषय पर पी एच डी की उपाधि प्राप्त की है? [K] [3]

a) साहित्य और पत्रकारिता b) पत्रकारिता और सिनेमा
c) साहित्य और विज्ञान d) साहित्य और दर्शन

11 कपिल की डायरी के पन्नों में क्या ताल - मेल नहीं था ? [2]

a) तारीखें और लिखी गई बातें b) लिखी गई बातें और कपिल की उम्र [U]
c) विचार और उसकी इच्छाएँ d) कपिल के सपने और वास्तविकता

12 कपिल के अनुसार, सारी बतंगड़ की जड़ क्या थी ? [K] [6]

a) सर्दी b) पेड़

c) लड़की d) नींद

13 कपिल ने किस रंग की कमीज़ खरीदी थी ? [K] [4]

a) नीले रंग की b) सफेद रंग की

c) लाल रंग की d) आम के पत्तों जैसे हरे रंग की

14 कपिल को सर्दी से क्यों परेशानी हो रही थी ? [U] [3]

a) समय पर उठने में कठिनाई हो रही थी b) पेड़ कम हो गए थे

c) काम में मन नहीं लग रहा था d) सरकार से नाराज़ था

15 कपिल को बाबू साहब की होटल में न दिखने पर उनके दोस्तों का मानना क्या था ? [K] [4]

a) वह बैंक के काम में व्यस्त था b) वह पेड़ की तलाश में गया था

c) वह किसी से मिलने गया था d) वह घर में आराम कर रहा था

16 पृथ्वी का कितना भाग जल है? [K] [2]

a) एक चौथाई b) आधा

c) एक आठवाँ d) तीन चौथाई

17 कवि ज्ञानेंद्रपति का जन्म कहाँ हुआ? [K] [2]

a) पथरगामा b) दुमका

c) नरसिंहगढ़ d) दिल्ली

18 इनमें किस समस्या का चित्रण 'आदमी को प्यास लगती है' कविता में नहीं किया गया है? [U] [2]

a) बेरोज़गार युवकों का संघर्ष b) मरुस्थलीकरण

c) सेल्समैन युवकों का संघर्ष d) भूमंडलीकरण

19 ज्ञानेंद्रपति को कब साहित्य अकादेमी पुरस्कार सम्मानित किया गया? [K] [2]

a) 2005 b) 2008

c) 2007 d) 2006

20 पर्यावरण कितने प्रकार से प्रदूषित होते हैं? [K] [6]

a) 5 b) 7

c) 4 d) 6

(20 × 1 = 20)

## Part B

Very Short Answer Type Questions

एक या दो वाक्य में किसी पाँच प्रश्नों का उतर लिखिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21 | 'पर्यावरण' से क्या तात्पर्य है? | [U] | [1] |
| 22 | ज्ञानेंद्रपति का परिचय दीजिये । | [E] | [2] |
| 23 | 'आदमी को प्यास लगती है' कविता में चर्चित प्रमुख समस्याएं क्या-क्या हैं? | [E] | [3] |
| 24 | निर्मला पुतुल ने किसके उत्थान के लिए बहुत काम किया है? | [K] | [4] |
| 25 | 'आदिवासी स्त्रियाँ' शीर्षक कविता का संदेश लिखिए | [K] | [4] |
| 26 | क्षमा शर्मा की राय में आज लेखक और पत्रकार किसके गुलाम है? | [K] | [2] |
| 27 | ' ईको फ्रेंडली' शीर्षक कहानी का मुख्य विषय लिखिए | [An] | [6] |

(5 × 2 = 10)

## Part C

Descriptive Type Questions

किसी तीन प्रश्नों का उतर विस्तार से लिखिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28 | राजेश जोशी की कविताओं में स्थानीयता की क्या भूमिका है ? | [U] | [1] |
| 29 | कपिल का अपने अंतरूनी मामलों को गुप्त रखने का तरीका क्या था? | [U] | [2] |
| 30 | सप्रसंग व्याख्या कीजिए - "ये दोनों वे ही सेल्समैन है<br>थोड़ी देर पहले बजाई थी जिन्होंने मेरे घर की घण्टी<br>और दरवाज़ा खोलते ही मैं झुँझलाया था<br>भरी दोपहर बाज़ार की गोहार पर के चैन को<br>झिंझोड़े यह बेजा खलल मुझे बर्दाश्त नहीं" | [U] | [4] |
| 31 | 'आदमी को प्यास लगती है' कविता की प्रासंगिकता पर टिप्पणी लिखिए। | [A] | [3] |
| 32 | 'आदिवासी स्त्रियाँ' शीर्षक कविता में अभिव्यक्त आदिवासी स्त्रियों की दयनीय स्थिति पर टिप्पणी लिखिए। | [U] | [5, 6] |

(3 × 5 = 15)

## Part D

Comprehension

किसी एक प्रश्न का उतर लिखिए

| | | | |
|---|---|---|---|
| 33 | उनकी आँखों की पहुँच तक ही / सीमित होती उनकी दुनिया / उनकी दुनिया जैसी कई-कई दुनियाएँ / - सप्रसंग व्याख्या कीजिए।<br>1. प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कविता का अंश है?<br>2. किसकी कविता है?<br>3. किसकी दुनिया सीमित है? | [U] | [1, 2, 3, 4, 5] |

4. किसकी आँखों की पहुँच तक सीमित है उनकी दुनिया?

5. कविता का मूल भाव क्या है?

34 सर्दी ने सारे शहर को धर दबोचा था। पुल , सड़कें और समय सबकुछ कोहरे में डूबा हुआ था। अमूमन इस शहर के मौसमों का मिज़ाज ऐसा नहीं था। मौसम , शात्रीय संगीत की अदा से शुरू होते और उठते। सर्दी एक लंबे आलाप से शुरू होती और जनवरी में पहुँचकर झाला बजाती , लेकिन इस बार तो वह एकदम अखाड़े की ढोलक हो गयी थी। कपिल ने चिल्लाकर कहा - यह तो उद्दंडता की हद है। उसका सारा कार्यक्रम गड़बड़ा गया था , पहले ही वह आठ - साढ़े आठ तक उठ पाता था लेकिन अब उसकी नींद ने समय बदल डाला। नींद के यूँ बेवक़्त हो जाने के कारण वह फिर से सरकार से सख्त नाराज़ था। उसका ख्याल था - सारी गड़बड़ के कारण पेड़ हैं। [U] [2, 3, 4, 5, 6]

1. शहर के मौसम का मिज़ाज इस बार कैसे था ?

2. बदले मौसम से कपिल की दिनचर्या किस प्रकार प्रभावित हुई ?

3. कपिल किससे नाराज़ था और क्यों ?

4. कपिल के अनुसार सारी गड़बड़ी का कारण क्या था ?

5. सर्दी के मौसम को शास्त्रीय संगीत के सन्दर्भ में किस प्रकार से दर्शाया गया है ?

(1 × 5 = 5)

## END OF THE QUESTION PAPER

***